भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3963
जिसका उत्तर 19.12.2024 को दिया जाना है

एक राष्ट्र, एक स्थान पहल

3963. श्री जनार्दन मिश्राः
श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी:
श्री जशुभाई भिलुभाई राठवा :

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 'एक राष्ट्र, एक स्थान' पहल के मुख्य उद्देश्य क्या हैं;

(ख) उक्त पहल के अंतर्गत परिवहन के विभिन्न साधनों के एकीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार की योजना का ब्यौरा क्या है; और

(ग) शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लिए विभिन्न परिवहन प्रणालियों को एकीकृत करने के संभावित लाभ क्या हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) हालांकि सरकार के पास 'एक राष्ट्र, एक स्थान' जैसी कोई पहल नहीं है, तथापि एक प्रमुख नीति में देश भर में चिन्हित किए गए 35 महत्वपूर्ण स्थानों पर मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) विकसित करके कार्गो हैंडलिंग और माल एकत्रीकरण/विघटन की मशीनीकृत सुविधाओं के साथ-साथ परिवहन के विभिन्न साधनों को निर्बाध रूप से एकीकृत करना शामिल है।

(ग) शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लिए परिवहन प्रणालियों को एकीकृत करने से लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी और लॉजिस्टिक्स दक्षता तथा आर्थिक उत्पादकता में वृद्धि होगी।

*****